# एसआरयू वर्ल्ड

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा कैरियर मार्गदर्शन, जीपैट परीक्षा और सॉफ्ट स्किल में सेमिनार किया गया आयोजित..



सेमिनार के मुख्य वक्ता जीपैट डिस्कशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. पीयूष जायसवाल ने निजी और सरकारी क्षेत्र सहित पंद्रह से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में सफल होने के लिए फार्मा वृक्ष संरचना का वर्णन करते हुए बी.फार्मा और एम.फार्मा के बाद कैरियर और अवसर के बारे में छात्रों को उनके बेस्ट विकल्पों को चयनित करना एवं सफल होने के टिप्स दिए । डॉ. पीयूष ने अपने 13 वर्ष के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि फार्मा उम्मीदवारों को आकार देने में और उनका उज्ज्वल भविष्य निर्धारित करने में क्या चुनौतियां का सामना करते हुए उन्हें उम्मीदवारों को सफल बनाया। इसके साथ जीपैट और जीपैट के लाभ से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषय के बारे में भी छात्रों द्वारा प्रतिप्रश्न भी किये गए। एनआईपीईआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) फार्मेसी विभाग के प्राचार्य प्रो. (डॉ) विजय कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और छात्रों के लिए फार्मेसी से सम्बंधित सभी सहायक प्राध्यापकों को ऐसे और भी सेमिनार आयोजित करने को कहा । सेमिनार का समन्वय सहायक प्राध्यापक नागेंद्र भुवाने द्वारा किया गया । श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ,कुलपति प्रो. एस. के . सिंह और कुलसचिव डॉ सौरभ के. शर्मा ने सभी फार्मेसी छात्रों को ऐसे विभिन सेमिनार में भाग लेने और अनुभवी व्यक्तियों द्वारा दिए गए टिप्स को अनुसरण करने को कहा ।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा "छत्तीसगढ़ कल, आज और कल" विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन..

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के समाज कार्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ कल, आज और कल विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर किया गया। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री योगमय प्रधान ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुये छत्तीसगढ़ के महापुरुषों जिसमे पंडित सुंदरलाल शर्मा, खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, शहीद वीर नारायण सिंह के योगदान को याद करते हुये छत्तीसगढ़ क्यों अभी तक विकास के उस मुकाम को हासिल नहीं कर पाया है जिसे अब तक कर लेना चाहिए था। बावजूद इसके छत्तीसगढ़ अपने आपमें बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है। उपकुलसचिव श्री एम. के. सिंह ने अपने वक्तब्या में बताया कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है और छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने के लिए आप जैसे युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने समय के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को समुचित उपयोग करने को कहा

साथ ही पुस्तकालय में अध्ययन पर जोर के साथ छात्रों को राजनीतिक समझ बढ़ाने की तरफ इंगित किया। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री शिशिर ने अपने वक्तब्या में बताया कि छत्तीसगढ़ महापुरुषों की धरती रही है। गुरुघासीदास जैसे संत यहाँ पैदा हुये और बुद्ध जैसे महान दार्शनिक ने इसे चुना। यह पावन धरती है। इतिहास के पन्ने संघर्ष के गवाह होते हैं। उनमें दर्ज तारीखें सिर्फ तारीखें ही नहीं होती बल्कि वह हमें याद दिलाती हैं कि हम जिस समय में जी रहे हैं, उसके लिए कितने लोगों ने बलिदान दिया।



आभार उद्बोधन में समाज कार्य के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश गौतम ने बताया कि किसी भी राज्य या राष्ट्र निर्माण सिर्फ ईट, पत्थर और रेखाओं के खींचने से नहीं होता है बल्कि उसके लिए हम की भावना का होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है। जिनके पास ज्ञान की अपार श्रंखला है। जिससे हमें सीखने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ यदि विकास में हाशिये पर है तो उसका सिर्फ यही कारण है कि उसके पास अपार प्राकृतिक सम्पदा है जिसे सरकारें लूटना चाहती हैं। इसी के साथ उन्होंने उपकुलसचिव श्री एम. के. सिंह का आभार प्रकट किया और सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। अंत में खेलन राम देवांगन और विभांशी तिवारी के साथ सभी ने राज्य गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ,कुलपति प्रो. एस. के . सिंह और कुलसचिव डॉ सौरभ के. शर्मा ने सभीको छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में प्री दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन..

## फ्लावर रिल कैंडल और फेब्रिक गिलास कैंडल बने कला और शिल्प प्रदर्शनी का आकर्षण केंद्र ...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय केफैशन डिज़ाइन और इंटीरियर डिज़ाइन विभागके द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली से पहले छात्रों ने कला और शिल्प प्रदर्शनी में रचनात्मक प्रस्तुती करते हुए हस्तनिर्मित शिल्प एवं दिवाली के त्यौहार से सम्बंधित अनेकों रोशनी लैंप, उपहार, आभूषण, गृह सजावट, परिधान बनाये। कला और शिल्प प्रदर्शनी में बेस्ट फ्रॉम वेस्ट के तहत विद्यार्थियों ने कार्डबोर्ड से फ्लावर लैंप और पिस्ता के छिलके से दिया कि आकृति, क्रिएटिव बुक मार्क्स और अन्य उपहार बनाये।



फ्लावर रिल कैंडलऔर फेब्रिक गिलास कैंड प्रदर्शनी का आकर्षण केंद्र रहे। इसके साथ साथ फीदर हैंगिंग मिरर, रेसन ज्वेलरी, आकर्षित गुल्लक,पोटली बैग, द्वार तोरन एवं लिप्पन आर्ट और मंडाला आर्ट कि भी झलक देखने को मिली प्री दिवाली सेलिब्रेशन के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ,कुलपति प्रो. एस. के . सिंह और कुलसचिव डॉ सौरभ के. शर्मा ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्य कि सराहना कर प्रसस्ती पत्र दिए।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान "आओ मिलकर अलख जगाएँ शत प्रतिशत मतदान कराएँ" का दिया संदेश..




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय द्वारा मरीन ड्राइव रायपुर में नुक्कड़ नाटक कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया विद्यार्थियों ने वोट देना, एक वोट की कीमत एवं वोट देने के अधिकार के संबंध में सभी को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को मतदान करने के उद्देश्य एवं मतदान के माध्यम से हम कैसे अपना भविष्य उज्जवल बना सकते है इसका संदेश दिया।

मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन मरीन ड्राइव रायपुर जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी रायपुर के सहयोग से कराया गया। अभियान में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सौरभ के. शर्मा , चीफ पी. आर .ओ राजेश तिवारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कॉर्डिनेटर सहायक प्रध्यापक राजेंद्र पटेल, डॉ अंजली यादव, डीएसडब्ल्यू डॉ. सत्यज तिवारी के साथ साथ विश्वविद्यालय के अध्यापक तरुण सोनवानी ,स्तुति बालाधरे, प्रवीण कुमार वर्मा, संतोषी आदि उपस्थित रहे।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस...

### संविधान हमे व्यक्तिगत रूप से स्वतंत्रता से जीने के अधिकार प्रदान करता है ... न्याय मूर्ति श्रीराजेंद्र चंद्र सिंह

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया, आयोजन का विषय आदिवासियों के सामाजिक -कानूनी मुद्दे रहा । इस उपलक्ष में विश्वविद्यालय के विधि विभाग और राजनीति विज्ञान एवं समाज शास्त्र विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और फूड स्टॉल का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगित में प्रतिभागियों एवं विजेताओ को मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आरंभ में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी को भारत के संविधान कि प्रस्तावना की शपथ दिलाई और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने अपने शब्दों में विद्यार्थियों को संविधान के महत्वपूर्ण तथ्यों को समझाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के.सिंह ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा कि आधुनिक भारत का संविधान देश की सभी सांस्कृतिक एवं नैतिक भावनाओं को समाहित करता है। आज अमृतकाल में जब हम 75 वर्ष की यात्रा पूरी कर अगले 25 वर्ष की यात्रा शुरू कर रहे हैं तो संविधान का यह मंत्र देश के लिए एक संकल्प बन रहा है । आजादी का यह अमृतकाल देश के लिए एक संकल्पकाल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ,मुख्य अतिथि माननीय न्याय मूर्ति श्री राजेंद्र चंद्र सिंह सामंत पूर्व न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नेअपने शब्दों में कहा की संविधान में दिए गए दायित्वों को देश के सभी नागरिकों को हमेश निभाना चाहिए





और संविधान हमे व्यक्तिगत रूप से स्वतंत्रता से जीने के अधिकार प्रदान कर यह भी सुनिश्चित करता है की हमारे देश का शाशन और प्रशाशन किसे चले। संविधान हमे अधिकार के साथ दायित्व भी देता है जिन्हें हमे कभी भी नहीं भूलना चाहिए। सम्मानित अतिथि एडवोकेट शैलेन्द्र दुबे बीसीआई के कार्यकारी सदस्य ने कहा की संविधान के तहत देश का भविष्य एवं योजनाएं समाहित है। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रस्तावना में "हम भारत के लोग" यह दर्शाता है की भारत का संविधान बनाते समय हमारे प्रत्येक देशवासियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है, साथ ही साथ संविधान बनाने की प्रक्रिया में अधिवक्ताओ का योगदान है जो एक नोबेल प्रोफेशन के रूप में आतंरिक रूप से रक्षा करते है। विशेष अतिथि श्री अश्वनी कांगे संयुक्त सचिव, अखिल आदिवासी समाज छ.ग ने संविधान में दी गई सूची 5 और सूची 6 के तेहत आदिवासियो एवं उनके अधिकारों के बारे में अपने विचार साझा किए । कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रोफेसर विष्णु कोनूरयार एच.एन.एल.यू, रायपुर ने आदिवासियों एवं उनके विभिन्न दृष्टिकोण, सिद्धांतों, मुद्दों और उनकी बदलती जरूरतों केबारे में बताया गया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राचार्य प्रो. सी.एल पटेल, हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट डॉ. अन्ताराम प्रधान , कला विभागे के डीन डॉ. मनीष वर्मा एवं समस्त अध्यापक उपस्थित थे।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की सेमेस्टर परीक्षा प्रारम्भ



23 नवंबर 2023 से श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की सेमेस्टर परीक्षा प्रारम्भ हुई जिसमे पाँचवा सेमेस्टर, सातवां सेमेस्टर और एल.एल.बी के नौवे सेमेस्टर के लिए परीक्षा 1120 विद्यार्थियों की उन्नत आईटी आधारित प्रक्रिया के साथ परीक्षा आयोजित की गई।अब उत्तर पुस्तिकाओं में भी क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिससे एस.आर.यू न्यूनतम समय अवधि में परिणाम घोषित कर सकता है जो एक रिकॉर्ड होगा।

## 8 सी जी गर्ल्स बटालियन के सभी कैडेट्स ने मनाया एनसीसी डे



प्रत्येक वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को एनसीसी डे मनाया जाता है, इस वर्ष 75 वा एनसीसी डे छत्तीसगढ़ में भी मनाया गया । कार्यक्रम स्थल राजकुमार कॉलेज में छत्तीसगढ़ के सभी बटालियन के अधिकारीगण,कैडेट्स एवं कैडेट्स के माता पिता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वी एस चौहान एवं सभी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर उपस्थित रहे साथ ही पूर्व एनसीसी कैडेट्स को आमंत्रित किया गया जो उच्च पदों पर पदस्थ हैं।

कार्यक्रम में 8 सी जी गर्ल्स बटालियन के सभी कैडेट्स ने भाग लिया जिसमें श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कैडेट्स भी शामिल हुए।कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया उसके पश्चात सेक्शन फॉर्मेशन का एक्ट प्रस्तुत किया गया । एयर विंग के कैडेट्स द्वारा एयरो मॉडलिंग की प्रस्तुति दी गई, हॉर्स ऑब्सटिकल की भी शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही कैडेट्स द्वारा महिला सशक्तिकरण थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

सम्पादकीय समिति : प्रेरणाश्रोत - परमपूज्य श्री रविशंकर जी महाराज
श्री हर्ष गौतम - प्रति कुलाधिपति, प्रो. एस. के. सिंह - कुलपति, डॉ. सौरभ कुमार शर्मा - कुलसचिव , प्रधान संपादक - राजेश तिवारी, संपादक - शुभम नामदेव, ग्राफ़िक्स डिजाइनर - दिनेश कुमार सिन्हा